ब्रीफ न्यूज

झावियुमो ने सरकार का पुतला जलाया

रांची. राज्य में पानी बिजली की घोर संकट को लेकर झारखंड विकास युवा मोर्चा ने फिरायालाल चौक पर सरकार का पुतला दहन किया. नगर निगम, बिजली विभाग तथा राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी हुई. झावियुमो के केंद्रीय अध्यक्ष उत्तम यादव ने कहा कि सरकार पानी-बिजली की समस्या सुलझाने में विफल रही है. मुख्यमंत्री रघुवर दास ने पिछले वर्ष जनता से दिसंबर 2018 तक 24 घंटे बिजली देने का वादा किया था. झावियुमो जिलाध्यक्ष राम मनोज साहू ने कहा कि अगर एक सप्ताह के अंदर सरकार ने पानी बिजली की समस्या को ठीक नहीं किया तो मजबूरन राज्य हित में सड़क पर उतरना पड़ेगा. इस मौके पर झावियुमो पंकज पांडेय, अशोक श्रीवास्तव, कन्हैया महतो,बजरंग गुप्ता, मोनू विश्वकर्मा, साजिद उमर, गौरी शंकर प्रसाद, गुड्डू साहू आदि मौजूद थे.

दिल्ली में प्रदेश भाजपा की बैठक कल

रांची. प्रदेश भाजपा कोर कमेटी की बैठक नौ जून को दिल्ली में होगी. मुख्यमंत्री रघुवर दास, प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मण गिलुवा सहित आठ सदस्यीय कोर कमेटी के सदस्य पार्टी के राष्ट्रीय नेताओं के साथ बैठक करेंगे. इसमें सांगठनिक कामकाज को लेकर चर्चा होगी. उल्लेखनीय है कि पार्टी द्वारा संगठन के पुनर्गठन को लेकर सदस्यता अभियान चलाया जाना है. चर्चा है कि जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव होना है, वहां की प्रदेश कमेटी को फिलहाल सांगठनिक कामकाज से दूर रखा जा सकता है. इधर, प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मण गिलुवा को लेकर भी अटकलें लग रही हैं. चर्चा है कि केंद्रीय नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष को लेकर कोई भी फैसला ले सकता है. हालांकि इस बात की संभावना ज्यादा है कि विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कोई फेरबदल न हो. कोर कमेटी की बैठक में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, संगठन महामंत्री धर्मपाल, पूर्व सांसद रवींद्र राय, पूर्व केंद्रीय मंत्री जयंत सिन्हा और सुदर्शन भगत शामिल होंगे. सूचना के मुताबिक 11 जून को देश भर के संगठन महामंत्री के साथ भी पार्टी बैठक कर सकती है.

सचिवालय सेवा संघ चुनाव में 37 नामांकन

रांची. झारखंड सचिवालय सेवा संघ के चुनाव में कुल 37 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया गया है. चुनाव 16 जून को होना है. अध्यक्ष के लिए ब्रजेंद्र हेमरोम, विवेक आनंद बास्के, उपाध्यक्ष के लिए विनय कुमार वर्णवाल, रुही पूनम, गौतम सिंह, सुरेंद्र कुमार, अमित कुमार, दयानंद दास, घनश्याम प्रसाद, रजनीश कुमार व राजेश कुमार सिंह, महासचिव के लिए ध्रुव प्रसाद, पिकेश कुमार सिंह, सचिव पद के लिए मनोज कुमार, गगन प्रसाद, अश्विनी कुमार झा, दीप्ति शिखा हेरेंज, श्रीकांत शर्मा, संयुक्त सचिव के लिए प्रदीप पासवान, आनंद प्रसाद, उमाशंकर मुंडा, सुमित कुमार मिश्रा, मणि कंचन मिंज, अवध किशोर भगत, मनीष कांत, पुष्पा लकड़ा, नितिन कुमार, संगठन सचिव के लिए शिशिर तिग्गा, नीलम श्वेता इंदवार, सखीलाल मांझी, रजनीश कुमार शुक्ल, अरुण कुमार, राजीव रंजन तिवारी, स्नेह राज रवि, कोषाध्यक्ष पद के लिए अभिषेक पांडेय, सुबोध रुंडा व रमन रंजन ने नामांकन दाखिल किया है.

कांग्रेस की बैठक आज

रांची. प्रदेश कांग्रेस कमेटी के जोनल को-ऑर्डिनेटर, जिलाध्यक्षों व एसटी, एससी, ओबीसी, युवा, महिला, अल्पसंख्यक, एनएसयूआइ व सेवादल के प्रदेश अध्यक्षों और चेयरमैन की बैठक शनिवार को होगी. प्रदेश कांग्रेस भवन में दिन के दो बजे से बैठक बुलायी गयी है. प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने बताया कि बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश प्रभारी आरपीएन सिंह, सह प्रभारी उमंग सिंघार, मैनुल हक, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अजय कुमार व कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम उपस्थित रहेंगे.

बिहार के पूर्व राज्यपाल रांची पहुंचे

रांची. बिहार के पूर्व राज्यपाल डीवाइ पाटिल शुक्रवार को रांची पहुंचे. एयरपोर्ट पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया. इस अवसर पर राजन सिंह रजा, राजेश कच्छप, बिनोद, दीपक प्रसाद, सुरेश बैठा, बैलेस तिर्की, राकेश सिन्हा, रियाज राठौर, अभिजीत राज, प्रदीप गौरव, अरुण सिंह, पंकज सिंह, मेरी तिर्की, रवि सहित आदि उपस्थित थे .

नंदकिशोर सिंह बने एसबीआइ के नए डीजीएम

रांची. भारतीय स्टेट बैंक प्रशासनिक कार्यालय में नंदकिशोर सिंह ने उप महाप्रबंधक व्यवसाय एवं परिचालन के पद पर शुक्रवार को कार्यभार ग्रहण किया. श्री सिंह पूर्व में क्षेत्रीय प्रबंधक अहमदाबाद सर्किल में कार्यरत थे. पदोन्नति के बाद रांची अंचल के उप महाप्रबंधक के रूप में पोस्टिंग हुई है. सहायक महाप्रबंधक सामान्य बैंकिंग सुनील कुमार गुप्ता के साथ ही मुख्य प्रबंधक कार्मिक सविता कुमारी एवं बैंक के अन्य अधिकारियों ने नंद किशोर सिंह का स्वागत किया. साथ ही विश्वास जताया कि उनके मार्गदर्शन में एसबीआइ रांची नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा.

स्वास्थ्य पर कार्यशाला आज

रांची. प्रेस क्लब एवं गोल्डेन जिम के संयुक्त तत्वावधान में बच्चों और माताओं के लिए स्वास्थ्य पर शनिवार को कार्यशाला का आयोजन होगा. प्रेस क्लब में होनेवाले इस कार्यक्रम में बिरसा कृषि विभाग की बीपीटी यूनिट भी सहयोग करेगी. इस कार्यशाला में स्थायी जीवन शैली अपनाने पर जोर दिया जायेगा. इसके तहत ऑर्गेनिक किचेन गार्डेन, योग, एरोबिक्स आदि की जानकारी दी जायेगी. इन विषयों पर बीएयू के सिद्धार्थ जायसवाल जानकारी देंगे. गोल्डेन जिम की रवींद्र कौर शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर जानकारी देंगी.

चार बच्चों का होगा मुफ्त ऑपरेशन

रांची. रांची जिला प्रशासन व झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में कटे होंठ व तालु के चार बच्चों का मुफ्त ऑपरेशन देवकमल हॉस्पिटल में किया जायेगा. शुक्रवार को उपायुक्त राय महिमापत रे ने बच्चों से मुलाकात की. योजना के तहत रांची में 17 बच्चों का चयन किया गया है. मौके पर झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी की शांति मार्डी, सिविल सर्जन डॉ वीवी प्रसाद व डॉ अनंत सिन्हा मौजूद थे.

कोल कंपनियों के पास पड़े हैं राजस्व के हजारों करोड़ सरकार को हर साल सात हजार करोड़ लेना पड़ता है कर्ज

- 2018-19 में झारखंड सरकार ने करीब आठ हजार रुपये कर्ज लिए थे
- 2017-18 में भी सात हजार करोड़ से अधिक की राशि लेनी पड़ी थी

विवेक चंद्र ▷ रांची

कोल कंपनियों के पास राजस्व के हजारों करोड़ रुपये पड़े होने के बावजूद राज्य सरकार को हर साल आरबीआइ से औसतन सात हजार करोड़ रुपये कर्ज लेना पड़ता है. वित्तीय वर्ष 2018-19 में झारखंड सरकार ने करीब आठ हजार रुपये कर्ज लिए थे. उसके पहले वित्तीय वर्ष 2017-18 में भी सात हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि राज्य को कर्ज के रूप में लेनी पड़ी थी. वित्तीय वर्ष 2019-2020 में राज्य सरकार को आर्थिक तंगी से निबटने के लिए कर्ज लेने की जरूरत पड़ गयी है. चालू वित्तीय वर्ष में आरबीआइ से कर्ज लेने की शुरुआत लगभग 1,500 करोड़ रुपये से हो रही है. संभवतः जुलाई में आरबीआइ के ऑक्शन में राज्य सरकार कर्ज मांगेगी.

80,000 करोड़ से अधिक है कर्ज का बोझ : उल्लेखनीय है कि राज्य गठन के बाद से राज्य सरकार पर कर्ज का बोझ लगभग 80,000 हजार करोड़ रुपये हो गया है. यह राज्य की कुल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 25 प्रतिशत है. जबकि, किसी भी समृद्ध राज्य के लिए कुल जीडीपी के तीन प्रतिशत से अधिक कर्ज नहीं होना चाहिए. इससे अधिक कर्ज लेनेवाले राज्य विकास की दौड़ में सबसे पिछड़े राज्य माने जाते हैं.

कोल कंपनियों से बकाया राशि मांगने के लिए राज्य सरकार ने कई प्लेटफॉर्म पर अपनी बात रखी है. नीति आयोग और कोल इंडिया का ध्यान भी इस ओर दिलाया गया है. निश्चित रूप से कंपनियों से बकाया राजस्व मिलने पर सरकारी खजाना ज्यादा समृद्ध होगा और उसका लाभ राज्य को मिलेगा.

- सुखदेव सिंह, विकास आयुक्त, झारखंड

नोटिस का जवाब नहीं देती कोल कंपनियां

कोल कंपनियां लगान की राशि देने के लिए राज्य सरकार द्वारा दिये गये नोटिस का जवाब नहीं देती हैं. भू-राजस्व विभाग के निर्देश पर संबंधित अंचलों द्वारा गैरमजरूआ सरकारी भूमि पर खनन कार्य करने के लिए कई बार बकाया लगान और सेस की मांग की गयी है. लेकिन, कोयला कंपनियों ने लगान चुकाने या जवाब देने की दिशा में कोई कार्यवाही नहीं की. राज्य सरकार द्वारा राज्य में खनन कार्य करने वाली कोल कंपनियों से बकाया राशि दिलाने के लिए केंद्र सरकार, कोल इंडिया और नीति आयोग से भी आग्रह किया है.

कोयला खनन बंद कराया, तो देश में मच जायेगा हाहाकार

झारखंड देश में कोयला आपूर्ति का सबसे बड़ा केंद्र है. राज्य सरकार के आंकड़ों के मुताबिक देश का 60 फीसदी कोयला का उत्पादन झारखंड करता है. कोयला कंपनियों द्वारा लगान की राशि नहीं देने पर राज्य सरकार 50,000 एकड़ से अधिक सरकारी भूमि पर खनन बंद करा सकती है. लेकिन, उससे देश भर में हाहाकार मच जायेगा. यही वजह है कि राज्य सरकार 33,000 करोड़ से अधिक राजस्व बकाया होने के बावजूद सरकारी भूमि पर खनन कार्य बंद नहीं करा रही है. दूसरी तरफ कोल कंपनियां इसी बात का फायदा उठा रही हैं. यहां यह भी उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल और ओड़िसा में कोल कंपनियों ने खनन के लिए इस्तेमाल की जा रही सरकारी भूमि के बदले राजस्व सरकारी खजाने में जमा कराया है.

झारखंड मुक्ति मोर्चा ने राज्य सरकार पर साधा निशाना, कहा

भूख से हुई मौत के मामले को रफा-दफा कर देती है सरकार

प्रमुख संवाददाता ▷ रांची

झामुमो ने कहा है कि झारखंड सरकार मानवता की हत्या पर उतर आयी है. पांच जून को महुआडांड़ में भूख के कारण रामचरण मुंडा की मौत हो गयी. यही नहीं पिछले साढ़े चार साल में संतोषी की भूख से हुई मौत का शुरू हुआ सिलसिला अब तक चला आ रहा है. अब तक करीब 20 लोगों की मौत भूख से हो चुकी है. लेकिन सरकार हर बार केवल जांच का आदेश देकर पूरे मामले को रफा दफा देती है

झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने पत्रकारों से बात करते हुए उक्त बातें कही. उन्होंने कहा कि घटना के बाद झामुमो का प्रतिनिधिमंडल अनीता मिंज व सुषमा कुजूर घटना स्थल पर गये थे. वहां राहत के नाम पर 50 किलो अनाज पहुंचा देना, दाह संस्कार के लिए पैसे देना, एक ट्रेंड बन गया है. जब-जब ऐसी मौत होती है तो खाद्य आपूर्ति मंत्री किसी की जिम्मेवारी तय नहीं कर पाते हैं. राशन दुकानदार राशन नहीं देता है. वहां तीन महीने से राशन नहीं बांटा गया था. नेटवर्क की समस्या है. इसके बाद भी विभागीय मंत्री बार-बार कहते हैं कि इसे बायोमेट्रिक से बाहर किया जायेगा, लेकिन करते नहीं हैं. आखिर यह कौन सा नियम है कि नेटवर्क नहीं रहेगा तो लोगों को राशन नहीं देंगे.

इस सरकार में दाना-पानी भी उपलब्ध नहीं : श्री भट्टाचार्य ने कहा कि एक तरफ लोगों को दाना नहीं मिल रहा है वहीं दूसरी ओर पानी भी उपलब्ध नहीं है. यानी दाना-पानी दोनों बंद है. रांची में पानी को लेकर चाकूबाजी की घटना घटी है जो इस सरकार के लिए शर्मनाक है. हाहाकार मचा है लेकिन सरकार को कोई मतलब नहीं है. सुप्रियो ने कहा कि प्रधानमंत्री यहां योगा दिवस मनाने आ रहे हैं. क्या उन्हें यह खबर पता है कि यहां भूख से मौत होती है, पानी और बिजली के लिए हाहाकार है. वह किसको योग की शिक्षा देंगे. उन्होंने कहा कि पीएम इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप करें.

प्रेस को संबोधित करते सुप्रियो भट्टाचार्य.

- कहा, खाद्य आपूर्ति मंत्री किसी की जिम्मेवारी तय नहीं कर पाते हैं

आइसीसी की निंदा करते हैं

झामुमो महासचिव ने कहा कि हम जिस दिन सरकार में आयेंगे. बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध करायेंगे. जब तक रोजगार नहीं मिलेगा, तब तक गुजारा लायक भत्ता देंगे. महेंद्र सिंह धौनी के विकेटकीपिंग ग्लब्स में भारतीय सेना का 'बलिदान बैज' लगा कर क्रिकेट खेलने के सवाल पर कहा कि इंडियन आर्मी का बलिदान का सम्मान देश के लोगों के दिल और दिमाग में है. आइसीसी की हम निंदा करते हैं.

हेमंत के नेतृत्व में लड़ा जायेगा विस चुनाव

विधानसभा चुनाव की तैयारियों के संबंध में कहा कि केंद्रीय समिति की बैठक 15 व 16 जून को होगी. गठबंधन के नेताओं से बात हो चुकी है. इसी महीने के अंत तक सीटों पर फैसला हो जायेगा ताकि बारिश खत्म होते ही हम अपनी बात लोगों तक पहुचा सकें. पांच-सात दिनों के अंदर सारी बातें तय हो जायेंगी. झामुमो के नेतृत्व मे ही चुनाव लड़ा जायेगा. हेमंत ही इस चुनाव का मुख्य चेहरा होंगे.

रोड सेफ्टी पर आयोजित कार्यशाला में शामिल ड्राइवर.

तेज गति में वाहन नहीं चलायें चालक : माथुर

- समाहरणालय में रोड सेफ्टी पर कार्यशाला
- 70 ड्राइवरों ने भाग लिया, सभी को सर्टिफिकेट प्रदान किये गये

संवाददाता ▷ रांची

राजधानी के यात्री व स्कूल बस ड्राइवर और ट्रक ड्राइवर के लिए सोमवार को समाहरणालय सभागार में रोड सेफ्टी पर कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला का आयोजन सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्यूफैक्चर्स दिल्ली द्वारा पायलट प्रोग्राम फॉर ड्राइवर्स के तहत किया गया.

दिल्ली से आये अंकुर माथुर ने रांची जिला रोड सेफ्टी के प्रोजेक्ट इंप्लीमेंट यूनिट (पीआईयू) के सदस्यों के साथ मिल कर ड्राइवरों को सड़क सुरक्षा से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी. उन्हें बताया गया कि सड़क पर चलने के समय लेन बना कर चलें. किसी भी हालत में ओवर स्पीड में वाहन न चलायें. किसी भी मादक पदार्थ का सेवन कर वाहन चलाने से आप अपने साथ दूसरे की जान भी जोखिम में डाल सकते हैं. इसके अलावा वाहन से संबंधित सभी कागजात और अपना ड्राइविंग लाइसेंस साथ रखने को कहा गया. कार्यशाला में कुल 70 ड्राइवरों ने भाग लिया. कार्यशाला में शामिल ड्राइवरों को सर्टिफिकेट दिये गये. कार्यक्रम में पीआइयू यूनिट के अभय कुमार व नवोदिता भी मौजूद थे.

राप्रसे के 63 अधिकारियों को एसडीओ रैंक में प्रोन्नति

वरीय संवाददाता ▷ रांची

- पहली जेपीएससी के नौ और दूसरी जेपीएससी के 51 अफसरों को दी गयी है प्रोन्नति

राज्य प्रशासनिक सेवा के 63 अफसरों को एसडीओ रैंक में प्रोन्नति दी गयी है. इन अफसरों में नौ जेपीएससी प्रथम व 51 जेपीएससी द्वितीय बैच के हैं.

जानकारी के मुताबिक अजय कुमार तिर्की, राजीव रंजन, वासुदेव प्रसाद, राजेश कुमार सिंह, विजयेंद्र कुमार, राम नारायण सिंह, सागर कुमार, विकास तिर्की, सुदर्शन मुर्मू, रवींद्र गगराई, पूनम कच्छप, रोशन कुमार साह, रोहित सिन्हा, संजय कमार दास, रजनीश कुमार, श्वेता, राजीव कुमार सिंह, जयवर्द्धन कुमार, रामकृष्ण कुमार, अमित कुमार, कुमारी गीतांजलि, अरविंद कुमार, राहुल जी आनंद जी, मनीष कुमार, प्रमोद राम, लक्ष्मी नारायण किशोर, ज्ञानेंद्र, महेंद्र कुमार, उषा मुंडू, प्रेम कुमार तिवारी, संतोष सिंह, संजीव कुमार लाल, शहंशाह अली खान, सुरेंद्र कुमार, सुमन पाठक, विद्या भूषण कुमार, गौतम कुमार भगत, अजय कुमार साव, प्रवीण कुमार प्रकाश, मो मुमताज अंसारी, महेश्वर महतो, गुलाम समदानी, मनीषा तिर्की, शैलेंद्र कुमार रजक, विशालदीप खलखो, रंजीत लोहरा, शंकर एक्का, राकेश कुमार, मोनी कुमारी, रामा रविदास, प्रीति किस्कू, पूनम कुजूर, शेखर कुमार, अमित बेसरा, प्रवीण केरकेट्टा, शशिंद्र कुमार बड़ाईक, विजय सिंह बिरूआ, मोनिका रानी टूटी, सरोजनी एनी तिर्की, सत्यवीर रजक, निखिल सुरीन, रंजीता टोप्पो व लीली एनोला लकड़ा को प्रोन्नति प्रदान की गयी है. कार्मिक विभाग ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है.

कला को संग्रहित करना जरूरी : वीसी

रांची. युगांतर आर्ट्स एवं ह्यूमैनिटीज के तत्वावधान में डोकरा और टेराकोटा पर आयोजित 12 दिवसीय कार्यशाला का समापन शुक्रवार को सिदरौल स्थित युगांतर भारती परिसर में हुआ. मुख्य अतिथि बीएयू के कुलपति प्रो परविंदर कौशल ने कहा कि विश्व के कई देश कला को संग्रहित करते हैं. ऐसा अपने देश में भी करने की जरूरत है. कृषि और कला को समानांतर रखकर भी कार्य किया जा सकता है. युगांतर आर्ट एंड ह्यूमैनिटीज के अनूठे प्रयास की सराहना की. युगांतर भारती के कार्यकारी अध्यक्ष अंशुल शरण ने घोषणा की कि संस्था के परिसर में आवासीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन होगा. इसमें नये कलाकारों को कला का प्रदर्शन करने में मदद मिलेगी. कलाकार हरेन ठाकुर ने कहा कि मानसिक और विजुअल प्रदूषण का समाधान कलाकार के पास ही है. उन्होंने कहा कि फ्लेक्स के जरिये प्रदूषण फैलाया जा रहा है, इसे तुरंत रोका जाना चाहिए. एसएन सिन्हा इंस्टीट्यूट के निदेशक समीर सिंह, दीपंकर कर्मकार, रितेश झा, दिलीप टोप्पो, दिनेश सिंह,विश्वनाथ चक्रवर्ती उपस्थित थे.

ग्रामीण डाकसेवकों के लिए शुरू की गयी प्रतियोगिता का समापन 15 को

- इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के कारोबार में वृद्धि करना लक्ष्य
- प्रतियोगिता में विजेताओं को नकद पुरस्कार के साथ मिलेगी प्रोत्साहन राशि

वरीय संवाददाता ▷ रांची

ग्रामीण डाक सेवकों के लिए कौन बनेगा बाहुबली प्रतियोगिता शुरू की गयी है. एक महीने तक चलने वाली इस प्रतियोगिता का समापन 15 जून को होगा. राज्य के आइपीपीबी के 22 केंद्रों पर ग्रामीण डाकसेवक को न्यूनतम 20 एकाउंट को पोस्ट ऑफिस के एसबी खातों से लिंक करना होगा. प्रतियोगिता में सिर्फ ग्रामीण डाक सेवक ही भाग ले सकते हैं. विभाग के स्तर पर जीडीएस के तहत कुछ शर्तें रखी गयी हैं. इनमें 100 रुपये की जमा धनराशि के साथ ही एक हजार का डिजिटल ट्रांजेक्शन अनिवार्य है. साथ ही इन खातों को डाक घर के बचत खाता से लिंक कराना होगा. इसके तहत प्रतियोगिता में विजेताओं को नकद पुरस्कार के साथ 500 रुपये प्रोत्साहन राशि मिलेगी. राज्य स्तर पर इस प्रतियोगिता में लगभग 4 हजार ग्रामीण डाक सेवक भाग ले रहे हैं. इसके बाद स्किल इंडिया ट्रेनिंग के तहत ऑनलाइन परीक्षा में भाग लेना होगा. राष्ट्रीय स्तर पर जो भी टॉप टेन जीडीएस सबसे ज्यादा खाता खोलकर लिंक करेंगे, उनको दिल्ली में सम्मानित किया जायेगा.

प्रतियोगिता का मकसद इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक (आइपीपीबी) की सेवाओं को बैंकों की तर्ज पर लोकप्रिय बनाना है. इस कार्यक्रम के बाद इसके कारोबार में वृद्धि के साथ ही ग्रामीण डाक सेवकों को भी इसका लाभ मिलेगा.

-संजय कुमार गुप्ता, सहायक निदेशक, इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक

बैठक ● हनीवेल कंपनी को व्हाट्सऐप को आधार बना कर सॉफ्टवेयर डेवलप करने का दिया गया निर्देश

शहरी लोगों को एक ही पोर्टल पर सभी सुविधाएं

प्रमुख संवाददाता ▷ रांची

- वाटर कनेक्शन लेने से लेकर पानी की शिकायत व बिल तक का स्टेटस अपडेट करने का निर्देश
- जलापूर्ति योजनाओं से लाभान्वित उपभोक्ताओं का डाटाबेस तैयार करने को भी कहा

राज्य के शहरी नागरिकों को मिलनेवाली सभी सुविधाओं को एक प्लेटफॉर्म पर लाया जायेगा. नगर विकास विभाग के सचिव अजय कुमार सिंह ने निकायों द्वारा प्रदत्त की जाने वाली सभी सुविधाओं के लिए एक पोर्टल तैयार करने का निर्देश दिया है. पोर्टल पर वाटर यूजर चार्ज, होल्डिंग टैक्स, ट्रेड लाइसेंस, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट सहित अन्य टैक्स व सुविधाएं रेगुलेट की जा सकेंगी. सचिव ने स्पैरो और रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन में कमांड कंट्रोल एंड कम्यूनिकेशन सेंटर के लिए कार्य कर रही हनीवेल कंपनी को व्हाट्सऐप को आधार बना कर सॉफ्टवेयर डेवलप करने का निर्देश दिया है. रांची से इसकी शुरुआत होगी.

प्रोजेक्ट भवन में बैठक करते हुए नगर विकास विभाग के सचिव ने राज्य के शहरों में चल रही जलापूर्ति योजनाओं से लाभान्वित उपभोक्ताओं का डाटाबेस तैयार कर सॉफ्टवेयर डेवलप करने को कहा. पोर्टल पर वाटर ऐप सहित अन्य ऐप कनेक्ट करने का सुझाव दिया. कहा कि वाटर कनेक्शन लेने से लेकर पानी की शिकायत व बिल तक का स्टेटस अपडेट होते रहना चाहिए. साथ ही लोगों की समस्या दर्ज करने और उसका हल निकालने के लिए एक कॉल सेंटर भी तैयार करने के निर्देश दिये. रांची स्मार्ट सिटी में सी फॉर इंस्टॉलेशन का काम देख रही कंपनी हनीवेल को सभी ऐप को एक प्लेटफॉर्म पर लाने को कहा.

अधिकारियों को निर्देश देते नगर विकास सचिव अजय कुमार सिंह.

ललित केडिया दोबारा अध्यक्ष बनाये गये

रांची. रांची सेनेटरी वेयर मर्चेंटस एसोसिएशन (रासमा) की छठी वार्षिक आमसभा शुक्रवार को हरमू रोड स्थित सफायर हाइट्स में हुई. नये कार्यालय का उद्घाटन पूर्व अध्यक्ष बीपी भुवालका ने किया. रासमा के सत्र 2019-20 के लिए नयी कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया. इसके बाद नये पदाधिकारियों का चयन किया गया. ललित केडिया पुनः अध्यक्ष चुने गये. इसी प्रकार ओमप्रकाश सर्राफ सचिव, अनूप अग्रवाल कोषाध्यक्ष, अंजय सरावगी और राजीव खंडेलवाल उपाध्यक्ष, दीपक बुबना व शीतल ओहदर सह सचिव, मनोज बंका सह कोषाध्यक्ष व आदित्य भुवालका पीआरओ बनाये गये. 13 कार्यकारिणी सदस्य व 21 संरक्षक सदस्य बनाये गये हैं. चेंबर अध्यक्ष दीपक मारू, कुणाल अजमानी, जुगल किशोर मारू, आरके सरागवी, सज्जन सर्राफ, पवन शर्मा उपस्थित थे.

जनता झामुमो के झांसे में आनेवाली नहीं है : भाजपा

वरीय संवाददाता ▷ रांची

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रवीण प्रभाकर ने कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री और झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन मुंगेरीलाल के हसीन सपने देख रहे हैं. मुख्यमंत्री की कुर्सी का उनका सपना 2019 में पूरा नहीं होनेवाला है. जनता अब झामुमो के झांसे में नहीं आनेवाली है. जनता समझ चुकी है कि हेमंत सोरेन जनता की नहीं सत्ता की राजनीति करते हैं. श्री प्रभाकर ने कहा कि हेमंत सोरेन ने युवाओं को रोजगार देने का जुमला उछाला है, लेकिन इसका कोई रोड मैप उनके पास नहीं है. नरेंद्र मोदी और रघुवर दास ने योजनाओं के माध्यम से करोड़ों युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ा है. हेमंत भूल रहे हैं कि झारखंड में लोकसभा चुनाव में गुरुजी के गढ़ पर भाजपा का कब्जा हो चुका है. महागठबंधन धराशायी हो गया है. इधर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता राजेश कुमार शुक्ल ने कहा है कि झामुमो द्वारा बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता देने की घोषणा हास्यास्पद है. यह कोरी कल्पना है. मुख्यमंत्री रघुवर दास के नेतृत्व में साढ़े 4 वर्षों में 1 लाख 25 हजार बेरोजगार युवाओं को सरकारी नौकरी मिली, जिसमें स्थानीय नीति के तहत 95 प्रतिशत से ज्यादा स्थानीय युवाओं को रोजगार मिला है. यह भी कहा है कि सिद्धांतविहीन और मुद्दाविहीन विपक्षी दल के नेता हास्यास्पद बयानबाजी कर रहे हैं, जिसको झारखंड की जनता समझ चुकी है तथा उनके बहकावे में आनेवाली नहीं है.